an>

Title: Need to release balance fund to Government of Maharashtra under Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर) ः महाराष्ट्र सरकार ने केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के भू-संसाधन विभाग को दिनांक 11.08.2016 एवं 19.09.2016 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास योजना (आई.डब्ल्यू.एम.पी.) के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में 648 करोड़ रूपए आवंटित किए जाने हेतु अनुरोध किया था।

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2016-17 के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार को अब तक केवल 186.95 करोड़ रूपए की राशि का आवंटन किया है। केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को अभी भी 461.05 करोड़ रू. का आवंटन किया जाना लंबित है। इस राशि का आवंटन न किए जाने से राज्य में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास योजना (आई.डब्ल्यू.एम.पी.) से संबंधित प्रस्ताव लंबित है। अतः इस राशि का शीघ्र आवंटन किए जाने की आवश्यकता है ताकि राज्य का विकास संभव हो सके।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास योजना (आई.डब्ल्यू.एम.पी.) के अंतर्गत केन्द्रीय हिस्से की जिस 461.05 करोड़ रू. का आवंटन करना शेष है। इस राशि को राज्य सरकार को शीघ्र जारी करने का कष्ट करें।